## एक नजर

### शटिंग मास्टर की दो अंगुली कटीं

**शाहजहांपुर।** रोजा रेलवे स्टेशन पर शंटिंग मास्टर दीपक कुमार की सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक डयूटी थी। दोपहर तीन बजे शंटिग करा रहे थे। इसी दौरान इंजन पर चढ़ते समय उन्होंने इंजन का दरवाजा बंद किया तो दो अंगुली कट गई। घायल कर्मचारी ने स्टेशन अधीक्षक रोजा तथा यातायात निरीक्षक को जानकारी दी। उनका रेलवे अस्पताल में उपचार किया गया।

### हादसे में तीन घायल

**सिंधौली।** थाना क्षेत्र के गांव गंधरपुर निवासी आश्रित गुप्ता ई-रिक्शा चालक है। शुक्रवार की शाम आठ बजे वह ई-रिक्शा लेकर घर लौट रहा था। कोरोकुइया का अली मोहम्मद ई रिक्शे पर सवार था। कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मारता हुआ बाइक से जाकर भिड़ गया। बाइक चालक मोनू, ई-रिक्शा चालक अश्रित गुप्ता व अली मोहम्मद घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पर लाया गया। चालक कार लेकर भाग गया।

# अभी और झुलसाएगी दोपहरी...45 डिग्री पहुंचेगा तापमान


## बादल न छाए तो और चढ़ सकता है पारा, गर्मी से लोगों को हो रही सिरदर्द, जी मिचलाने की दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- लू के थपेड़ों से लोग बेहाल, पड़ रहे बीमार

**अमृत विचारः** जिले में गर्मी का असर फिलहाल कम होने के आसार नहीं है। अभी एक सप्ताह तक और भीषण गर्मी सता सकती है। अगर बादल न छाए तो सप्ताह के अंत में तापमान 47 डिग्री तक जा सकता है। इस बीच बढ़ती गर्मी के कारण लोगों में गर्मी जनित समस्याएं देखी जा रही हैं। सिर दर्द, जी मिचलाने की समस्या आम हो गई है। वायरल बीमारियां भी बढ़ रही हैं। चिकित्सक दोपहर के समय घर से निकलने में परहेज करने की सलाह दे रहे हैं।

जिला इस समय लू के थपेड़ों से बेहाल है। मौसम विभाग के अनुसार लू अभी और तेज होगी और इस वजह से गर्मी में इजाफा होगा। तापमान 45 डिग्री के ऊपर जाने की संभावना है। अनुमान है कि गर्मी अगर इसी तरह से बढ़ती रही तो नए रिकार्ड बन सकते हैं। दशकों पुराने रिकार्ड टूटेंगे भी। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि अभी गर्मी से राहत के लिए एक सप्ताह और इंतजार करना होगा। उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि 21-22 जून तक तेज लू के कारण तापमान 45 डिग्री पार हो सकता है। अधिकतम तापमान 47 डिग्री तक भी जाने की संभावना है। बताया कि पिछले कई दिनों से लू चलने के कारण वातावरण में नमी का स्तर शुक्रवार को केवल 14 प्रतिशत ही रह गया है। बताया कि आने वाले तीन बेहद खतरनाक हो सकते हैं, क्योंकि तीन दिनों में तापमान अपने चरम पर पहुंच सकता है। बताया कि गुरुवार को अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री रिकार्ड किया गया। बताया कि शुक्रवार से लेकर रविवार तक अधिकतम तापमान 47 डिग्री के करीब तक पहुंच सकता है और लू की रफ्तार तेज हो सकती है। अनुमान तो यह भी है कि मंडल भर में सबसे ज्यादा तापमान शाहजहांपुर जिले में रहेगा।



गर्मी के चलते छाता लगाकर जाती युवतियां। ● अमृत विचार

### बढ़ने लगे बैक्टीरियल रोग

बैक्टीरियल इंफेक्शन बढ़ने से लोग परेशान हैं। अधिक गर्मी की वजह से लोग त्वचा संबंधी रोगों से परेशान होते जा रहे हैं। लोगों को गर्मी की वजह से बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण खुजली की समस्या बढ़ती जा रही है। खुजली भी सामान्य तरह की नहीं है। त्वचा में खुजली के बाद ब्लैकनेस आ रही है। लोगों को डायरिया और उल्टी-दस्त की शिकायत तो इस वक्त आम है।

### हीट स्ट्रोक का खतरा

यात्रा के दौरान हीट स्ट्रोक, हीट थकावट या अन्य गर्मी से संबंधित बीमारी होने की संभावनाएं बढ़ रही हैं। गर्मी में सुरक्षित रहने के लिए अल्कोहल रहित तरल पदार्थों का भरपूर सेवन करें। एसपीएफ 15 या उससे अधिक वाला सनस्क्रीन लगाएं और हर दो घंटे में दोबारा लगाएं या पैकेज पर दिए निर्देशों का पालन करें। टोपी और धूप का चश्मा पहनें। ढीले, हल्के, हल्के रंग के कपड़े पहनें। दिन के ठंडे समय में बाहरी गतिविधियों की योजना बनाएं। अक्सर आराम करें और बाहर जाते समय छाया में रहने का प्रयास करें। यदि आप गर्मी में कठिन गतिविधियां जैसे पैदल यात्रा या बाइकिंग करने जा रहे हैं, तो यात्रा से पहले गर्मी में प्रतिदिन एक घंटा व्यायाम करके इसे समायोजित करने का प्रयास करें।

## ग्रीष्मावकाश बढ़ा, 25 से शिक्षक और 28 से बच्चे जाएंगे स्कूल

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** मौसम विभाग के पूर्वानुमान एवं गर्मी को देखते हुए शिक्षा निदेशक बेसिक ने शुक्रवार को आदेश जारी कर ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि 24 जून तक बढ़ा दी है। 24 जून तक छुट्टी रहेगी। 25 से शिक्षक, शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रातः 7.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर प्रशासकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे। जबकि 28 जून से छात्र-छात्राएं विद्यालय में प्रातः 7.30 बजे से प्रातः 10 बजे तक उपस्थित रहेंगे। इसके बाद पहली जुलाई से विद्यालय प्रातः 7.30 बजे से 1.30 बजे तक संचालित किए जाएंगे। बीएसए रणवीर सिंह ने पुष्टि करते हुए कहा है कि सभी शिक्षक सभी कार्य इस अवधि में करते रहेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी और शिक्षक आपसी समन्वय से कार्य करते हुए दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## सार-संक्षेप

### मानवता के रिश्ते मजबूत करने को किया रक्तदान




**शाहजहांपुर।** विश्व रक्तदान दिवस पर नगर में कर्मयज्ञ संस्था की ओर से रक्तदान कैंप लगाया गया। निदान पैथालॉजी में लगाए गए कैंप में 11 लोगों ने ब्लड डोनेट कर महादानियों की सूची में नाम दर्ज कराया। रक्तदान करने में महिलाओं ने भी उत्सुकता दिखाई। रक्तदान करने वालों में तक्षशिला चड्ढा, अमृत लाल, गौरव अरोरा, राम बहादुर, प्रकाश दीप, जितेंद्र कुमार, अमित कश्यप, संजीव कश्यप, मोहक अग्रवाल, राजीव कुमार, आकाश शुक्ला आदि शामिल रहे। राज कुमार सक्सेना के नेतृत्व में लगाए कैंप में सभी महादानियों को संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कैंप में नरेंद्र मिड्ढा, डॉ. दीप्ति दीक्षित, अभिषेक खंडेलवाल, आशुतोष त्रिपाठी, राहुल, विवेक तुली, डॉ. संजय पाठक, दलविंदर सिंह, बलराम शर्मा, अजय शेखर द्विवेदी, पंकज चड्ढा आदि का सहयोग रहा।

### फल और सब्जियों में पेस्टिसाइड की जांच को भरे नमूने



**शाहजहांपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने रोजा मंडी में गुरुवार को अभियान चला कर फल और सब्जियों के 14 नमूने पेस्टिसाइड और सिंथेटिक रंगों की मात्रा जांचने के लिए भरे। सहायक आयुक्त खाद्य चंद्रशेखर मिश्र ने बताया कि सब्जियों में पेस्टिसाइड की मात्रा जांच करने के लिए यह कार्रवाई की गई है। सिंथेटिक रंगों के प्रयोग की भी जांच की जाएगी। अगर जांच में फल और सब्जियों में पेस्टिसाइड ज्यादा मिला या सिंथेटिक रंगों के प्रयोग की बात सामने आई तो विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि आम को कार्बाइड से पकाने की चर्चा हो रही है। जिसके चलते जांच का नमूना लेकर भी जांच को भेजा जा रहा है। अगर आम में कार्बाइड ज्यादा पाया जाता है तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शुद्ध खाद्य पदार्थ बेचने वालों को चिंता करने की जरूरत नहीं है, लेकिन मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## वाहनों से वसूली करने वालों को पुलिस ने खदेड़ा

**तिलहर।** पुलिस के संरक्षण में अवैध स्टैंड बनाकर वाहनों से वसूली करने वाले लोगों को पुलिस ने एसपी की फटकार के बाद खदेड़ दिया। ग्राम बरहा मोहम्मदपुर में हर वर्ष जिंद बाबा के मेले का आयोजन होता है।

इस वर्ष भी आयोजित मेले में गांव की कुछ दबंगों ने वाहन स्टैंड बनाकर वसूली शुरू की थी। इसी दौरान किसी ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक तथा उच्च अधिकारियों से कर दी। पुलिस अधीक्षक की फटकार के बाद पुलिस ने अवैध वसूली कर रहे दबंगों को वहां से भगा दिया। समाचार लिखे जाने तक इस प्रकरण में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

# कोतवाल ने किया महिमा का कन्यादान, आशीर्वाद देने पहुंचे एसपी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कर्ज में डूबे पिता ने कर ली थी खुदकुशी, पुलिस ने कराए बिटिया के हाथ पीले
- तय हो चुकी थी शादी, पुलिस वाले बने आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार का सहारा

**अमृत विचारः** कर्ज में डूबे एक पिता ने आत्महत्या कर ली। वह जवान बेटी को डोली में बिठाकर विदा नहीं कर पाया। ऐसे में पुलिस वालों ने सहारा बन आर्थिक तंगी से जूझ रही युवती का विवाह कराया। कोतवाल ने कन्यादान किया तो एसपी खुद आशीर्वाद देने पहुंचे।

16 अप्रैल को कमलनैनपुर निवासी रामआसरे का शव फंदे से लटका मिला था। खेती व ऑटो चलाकर परिवार का पालन करने वाले रामआसरे के ऊपर बैंक का कर्ज था। उनकी बेटी महिमा की शादी भी तय हो चुकी थी, लेकिन विवाह के लिए रुपयों का इंतजाम नहीं कर पा रहे थे।


महिमा को आशीर्वाद देते एसपी अशोक कुमार मीणा व अन्य। ● अमृत विचार

उनकी मौत के बाद इंस्पेक्टर कांट दयाशंकर सिंह ने आर्थिक स्थिति के बारे में जाना तो बेटी की शादी का पूरा जिम्मा उठा लिया। एसपी अशोक कुमार मीणा ने नेक कार्य कराने में कोई कसर नहीं रखने को निर्देशित किया। इंस्पेक्टर ने शादी की तैयारी कराई। मैरिज लॉन से लेकर उपहार तक का इंतजाम कराया। गुरुवार की शाम को कांट-जलालाबाद रोड पर स्थित मैरिज लॉन में जलालाबाद के एत्मादपुर से दूल्हा मनोज कुमार बैंड-बाजे के साथ बारात लेकर पहुंचे।

बरात आने पर परिवार के लोगों के साथ पुलिस ने घराती बनकर बारातियों का आदर-सत्कार किया। पुलिस ने चार सौ से अधिक लोगों के खाने की व्यवस्था की थी। थाने के स्टाफ ने एक-एक बराती को खाना खिलवाया।

एसपी अशोक कुमार मीणा, सीओ सदर अमित चौरसिया और सीओ यातायात बीएस वीर कुमार भी बारात में पहुंचे। उन्होंने अपने सामने कन्यादान कराया। वर-वधू को सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। बड़ी बहन की शादी से बहन संजना, काव्या व भाई हिमांशु भी काफी खुश थे। भले ही उनके पिता शादी नहीं कर पाए थे, लेकिन महिमा आज पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के सहयोग से दुल्हन बनी थी।

# पहले दिन नगर निगम में दिखा आदेश का असर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कार्यालय में बैठे अधिकारी-कर्मचारी, नगर आयुक्त ने किया दफ्तरों का निरीक्षण
- मुखयमंत्री के निर्देश पर डीएम ने सुबह दस बजे से कार्यालय में बैठने के जारी किए है आदेश

**अमृत विचारः** अधिकारी-कर्मचारियों के समय से दफ्तरों में बैठने के डीएम के आदेश का शुक्रवार को नगर निगम में असर दिखा। ज्यादातर अधिकारी-कर्मचारी दफ्तरों में बैठे मिले। जिसका नगर आयुक्त ने निरीक्षण कर जायजा लिया।

नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने उप नगर आयुक्त संगीता देवी के साथ शुक्रवार की सुबह नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी पटलों पर जाकर लिपिकों के नाम, उनका कामकाज, पेंडिंग कार्य आदि की जानकारी ली। इस दौरान एक लिपिक अनुपस्थित मिला।


निरीक्षण करते नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र और उप नगर आयुक्त संगीता देवी।

जिसका स्पष्टीकरण मांगा गया और स्पष्टीकरण न आने पर अधीनस्थों को विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए। नगर आयुक्त ने संपत्ति विभाग के अधिकारियों को नगर निगम की खाली पड़ी जमीनों को कब्जे में लेकर पिलर लगाकर तार खींचे जाने के निर्देश दिए। जिससे अनाधिकृत कब्जे का प्रयास न हो पाए। जेई सिविल को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निगम के चारों ओर विशेष सफाई व नाली, नाला मरम्मत कार्य खुद देखकर करा लिया जाए।

सभी कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारी सुबह 10 बजे आए और निर्धारित समय तक बैठकर जनता दरबार में जनता की समस्याओं व कामकाजों को निपटाए। इसको लेकर योगी सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए थे। इसके बाद जिलाधिकारी ने गुरुवार को अपने मातहतों को निर्देश जारी किए थे।

# योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों का रोस्टर जारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सीडीओ ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों संग की बैठक निर्देश दिए
- ओसीएफ रामलीला मैदान में होगा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रत्येक व्यक्ति योग कर निरोग रहे इसके लिए जिला मुख्यालय से ब्लॉक मुख्यालयों तक में योगाभ्यास कराए जाए और लोग योग के प्रति जागरूक हों। इस संबंध में शुक्रवार को सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने विकास भवन सभागार में योग दिवस मनाए जाने व उसकी तैयारियां आदि की बैठक अधिकारियों के साथ की।

21 जून को ओसीएफ रामलीला मैदान में सामूहिक योगाभ्यास के लिए स्थान तय हुआ। साथ ही ब्लॉकों में भी योग कराए जाने को बीडीओ, सचिवों को निर्देशित किया गया। वहीं नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने बताया कि पिछली साल की भांति इस बार भी योग दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम द्वारा 15-21 जून तक टाउनहाल स्थित हॉकी क्लब में रोजाना सुबह 5 बजे से सामूहिक योगाभ्यास योग प्रशिक्षक की ओर से योग कराया जाएगा। जिसमें ज्यादा से ज्यादा नागरिक प्रतिभाग करें। हॉकी क्लब मैदान की साफ सफाई के लिए टीमें लगा दी गई है। जमीन समतलीकरण के जेसीबी मशीन भी चल रही हैं।



विकास भवन सभागार में अधिकारियों को निर्देशित करतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह। ● अमृत विचार

# स्टेट प्रतियोगिता के लिए तीरंदाज अमरेंद्र का चयन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भदोही में 20 से 23 जून तक होगा आयोजन

**अमृत विचारः** काशी नरेश राजकीय स्नातक विश्वविद्यालय ज्ञानपुर, भदोही में 20 से 23 जून तक होने वाली राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए शुक्रवार को खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिला तीरंदाजी संघ के तत्वाधान में अंडर- 10, अंडर-13 और अंडर-15 बालक-बालिका वर्ग के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आधार पर किया गया।

जिला संघ के महासचिव मृदुल कुमार गुप्ता के निर्देशन में स्पोर्ट्स स्टेडियम में चले ट्रायल में इंडियन राउंड के लिए अंडर-15 वर्ग में अमरेंद्र कुमार का चयन किया गया।


संघ के महासचिव मृदुल गुप्ता के साथ चयनित तीरंदाज अमरेंद्र कुमार।

## प्रतिभा

### प्रयागराज आवासीय खेल छात्रावास में हुआ विलंदापुर के अनुज का चयन

# पिछली बार चूके, कड़ी मेहनत से इस बार पार की बाधाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मजदूर पिता और परिवार के सपने पूरे करने खेल छात्रावास के मैदान में भरेगा फर्राटा

**अमृत विचारः** माना जाता है कि गांवों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत सिर्फ उन्हें तलाशने और तराशने की है। आज के जमाने के क्रिकेट, फुटबाल, हॉकी, चेस, स्नूकर, बैडमिंटन जैसे महंगे खेलों को छोड़ दिया जाए तो तमाम ऐसे खेल हैं, जिनके खिलाड़ियों की तलाश गांवों से ही पूरी हो सकती है। इनमें खासतौर पर एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी जैसे खेल शामिल हैं। ऐसा ही एक खिलाड़ी जिले से निकल कर सामने आया है। एथलेटिक्स के इस खिलाड़ी की तलाश विकास खंड भावलखेड़ा के गांव विलंदापुर से पूरी हुई है। अनुज कुमार मजदूर का बेटा है। उसका चयन एथलेटिक्स खेल में प्रयागराज के आवासीय खेल छात्रावास में हो गया है। यानि कि अब अनुज अपने और परिवार के सपने पूरे करने के लिए खेल छात्रावास के मैदान में फर्राटे भरता नजर आएगा।

भावलखेड़ा के गांव विलंदापुर निवासी अनुज के पिता राजेंद्र मजदूरी करते हैं और माता फूल प्यारी गृहणी हैं। तीन भाई और तीन बहनों में अनुज पांचवें नंबर पर हैं। वह क्षेत्र स्थित राजकीय इंटर कॉलेज अहमदनगर में अध्ययनरत हैं और इस वर्ष वह 10वीं कक्षा में पहुंचा हैं। अनुज बताता हैं कि वह 800 मीटर दौड़ में रुचि रखता हैं। परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम हथौड़ा में वह जिला क्रीड़ा अधिकारी के मार्गदर्शन में पिछले दो वर्षों से खेल में सुधार लाने का प्रयास कर रहे थे। कॉलेज की वार्षिक खेल प्रतियोगिता में वह मंडल चैंपियन भी रह चुका है। अनुज बताता है कि पिछले वर्ष भी उसने छात्रावास के लिए प्रयास किया था, लेकिन उसका चयन नहीं हो सका।


अनुज कुमार।

> विलंदापुर निवासी अनुज पिछले दो वर्षों से हमारे मार्गदर्शन में स्टेडियम में प्रैक्टिस कर अपने खेल में सुधार कर रहा था। मेहनती है, इसी का परिणाम है कि उसने दूसरे प्रयास में ही अपना मुकाम हासिल कर लिया। अनुज का अंडर-15 वर्ग में एथलेटिक्स में चयन होना स्टेडियम ही नहीं, जिले के लिए भी गौरव की बात है। खेल निदेशालय से सूची जारी हो चुकी है, जिसमें उसे पहली जुलाई को रिपोर्ट करने को कहा गया है। अनुज की शिक्षा-दीक्षा अब आवासीय खेल छात्रावास प्रयागराज में ही पूरी होगी। **-एसपी बमनिया,** जिला क्रीड़ा अधिकारी



हिम्मत जुटाते हुए उसने और मेहनत शुरू की और इस बार उसकी मेहनत रंग लाई और प्रयागराज एथलेटिक्स आवासीय छात्रावास में चयन हो गया। आवासीय छात्रावास में चयन प्रक्रिया के रूप में पहले उसने जिला स्तर पर ट्रॉयल दिया और चयन होने के बाद वह मंडलीय चयन के लिए बरेली तथा स्टेट चयन के लिए आगरा में ट्रायल देकर कामयाबी हासिल की। स्टेट में चयन होने के बाद आगरा में ही 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया और छात्रावास की ओर से भी लगाए गए विशेष प्रशिक्षण में भाग लिया। अब वह पहली जुलाई को प्रयागराज आवासीय खेल छात्रावास में प्रवेश के लिए जाने की तैयारी कर रहा है।

## ई रिक्शा चालक पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**खुटार, अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव चतुरपुर निवासी रोहित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 15 मार्च को उसके घर बेटे का मुंडन संस्कार था। गांव के ही स्वामी दयाल का ई रिक्शा किराये पर बुक करके खीरी में स्थित धार्मिक स्थल टेढ़े नाथ गया था। उसके पिता सन्नू भी गए थे। वापस लौटने के दौरान चालक स्वामी दयाल की लापरवाही के चलते गांव के नजदीक ई रिक्शा पलट गया और पिता सन्नू गंभीर घायल हो गए। इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



















**आज का मौसम**

आसमान साफ रहेगा।



43.4° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

# मायके में विवाहिता की चाकू से गला काटकर हत्या

## शहर के मोहल्ला भारद्वाजी में गुरुवार रात करीब 12 बजे वारदात को दिया गया अंजाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **पति से नाराज होकर एक साल से बेटी के साथ मायके में रह रही पूर्ति गुप्ता**
- **एसओजी समेत तीन टीमें खुलासे के लिए लगी, अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला भारद्वाजी में मायके में रह रही एक महिला की गुरुवार की रात चाकू से गला काटकर हत्या कर दी गई। कमरे से कुछ दूरी पर बरामदे में महिला खून से लथपथ अपनी मां को पड़ी मिली। शहर के बीचो-बीच सनसनीखेज वारदात होने की जानकारी पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी सबूत जुटाए। एसपी अशोक कुमार मीणा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और घटना के खुलासे के लिए एसओजी सहित तीन टीमों को लगाया है। पुलिस ने मृतका के पति समेत दो को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।



बेड पर बिखरा पड़ा खून।



पूर्ति गुप्ता।

चौक कोतवाली के मोहल्ला भारद्वाजी निवासी पूर्ति गुप्ता(24) ने दो साल पहले कमल राजपूत निवासी हुसैनपुरा कोतवाली चौक के साथ प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद पति से अनबन होने पर वह डेढ़ साल की बेटी जाह्नवी को लेकर एक साल पहले मायके आ गई। तब से यहीं रहती थी। पूर्ति के पिता संजय गुप्ता दिव्यांग हैं। परिजनों के अनुसार गुरुवार रात दस बजे खाना खाकर पूर्ति बेटी जाह्नवी और मां वंदना गुप्ता के साथ एक बेड पर सो गई। जबकि पिता संजय पड़ोस में स्थित दूसरे बेड पर सो रहे थे। वंदना के मुताबिक रात 12 बजे अचानक नींद खुली तो देखा कि पड़ोस में बेड पर खून पड़ा था और कमरे के बाहर बरामदे में खून से लथपथ बेटी कांप रही थी। तुरंत चौक कोतवाली को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ घर पहुंचे और पूर्ति का मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच कर नमूने लिए। एसपी अशोक कुमार मीणा, एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सिटी सौम्या पांडेय मौके पर पहुंची और मृतका की मां व परिवार वालों से पूछताछ की। वंदना ने बताया कि उसने किसी को कमरे में नहीं देखा और उसकी किसी से रंजिश नहीं है। दामाद कमल राजपूत से विवाद चल रहा था। पुलिस ने मृतका के पति व एक अन्य व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मां की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने एसओजी समेत तीन टीमों को घटना के खुलासे के लिए लगाया है।

**प्रेम प्रसंग के बाद काली मंदिर में की थी शादी :** पूर्ति कक्षा आठ तक पढ़ी थी। वह टच वाला मोबाइल रखती थी। उसका फेसबुक से कमल राजपूत से प्रेम-प्रसंग हो गया था। दोनों लोग बराबर मिला करते थे। कमल बारात में सजावट का काम करता था। अप्रैल 2022 में उसने काली मंदिर में शादी कर ली थी। उसके पति के माता-पिता नहीं है। शादी में उसके भाई और भाभी शामिल हुए थे। वंदना का कहना है कि वह शादी में नहीं गई थी।



रोते बिलखते पूर्ति के पिता संजय गुप्ता, मां वंदना और बच्ची। ● अमृत विचार



माता-पिता ने जानकारी लेते एसपी अशोक कुमार मीणा।

### संजय की भाइयों से बोलचाल नहीं थी

संजय चार भाई है। गौरी शंकर, गोपाल, चंद्रभान गुप्ता है। चारों भाई एक ही मकान में अलग-अलग रहते थे। तीनों भाइयों की संजय गुप्ता से बोलचाल नहीं थी। संजय को तीन साल पहले फालिज का अटैक पड़ा था। एक माह पूर्व वह अपनी पत्नी, बेटी, नातिन को लेकर हरिद्वार बेटे पवन के पास गए थे। कुछ दिन रहने के बाद वह वापस आ गए थे। उसका बेटा पवन दस दिन पूर्व हरिद्वार से आया था। वह रात हरिद्वार चला गया था। पुलिस ने उसके बेटे पवन से फोन पर बात की ओर बेटा हरिद्वार से चल दिया है।

### मकान बेचने की फिराक में थी वंदना

वंदना ने कहा कि वह अपने हिस्से का मकान बेचना चाहती थी। कई लोग आकर मकान देख गए थे। लेकिन सही कीमत नहीं मिल रही थी। उसका कहना है कि मकान कम दाम में खरीद रहे थे और इतने में दूसरा मकान नहीं मिल पाता। उसने बुधवार को जीने के नीचे शौचालय बनवाया था। उसका बेटा यहां रहना पसंद नहीं करता था।

### दिल्ली ले जाना चाहता था पति

वंदना ने कहा कि उसका दामाद उसकी बेटी पूर्ति को अपने घर में नहीं रखना चाहता था। वह उसकी बेटी से कहता था कि दिल्ली चलो, वहीं पर रहेंगे। उसने दामाद से कह दिया था दिल्ली नहीं जाएगी। उस पर भरोसा नहीं था कि कहीं दिल्ली में ले जाकर उसकी बेटी को बेच दें इसलिए नहीं भेजा था। उसने दामाद से कहा था कि यहीं पर कराए पर कमरा लेकर रहो। उसका दामाद उसकी बेटी को आए दिन मारता पीटता था इसलिए उसकी बेटी उसके पास रहने लगी थी।

### कोर्ट में दी थी तलाक व मुआवजा के लिए अर्जी

वंदना पूर्ति को लेकर गुरुवार को कचहरी गई थी। उसने एक वकील से बात की थी कि वह अपनी बेटी को कमल से तलाक दिलवाना चाहती थी क्योंकि वह आए दिन जान से मारने की धमकी देता है। उसने वकील से मिलकर तलाक तथा मुआवजा के लिए अर्जी कोर्ट में दिलवाई थी।

### कई बिंदुओं पर जांच कर रही पुलिस टीम

एसओजी ने मृतका की मां तथा भाइयों से पूछताछ की और उसके कमरे में आने-जाने का और रास्तों को देखा था। एसओजी टीम तथा कोतवाली पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस की शक की सुई परिवार वालों के इर्द-गिर्द घूम रही है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि मृतका का पोस्टमार्टम पैनल किया गया है और दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड तथा वीडियो ग्राफी बनाई गई है। पुलिस टीमें कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## आधी रात को हत्यारे मारकर चले गए, किसी को भनक नहीं लगी



घटना के बाद जांच करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **पूर्ति के मोबाइल से खुल सकता है घटना का राज, किसी करीबी का हो सकता है हाथ**

> महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। मां ने बताया कि नींद खुली तो देखा कि उसकी बेटी बरामदे में खून से लथपथ पड़ी थी और बेड पर भी खून बिखरा हुआ था। अज्ञात में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। खुलासे के लिए एसओजी समेत तीन टीमों को लगाया है। – **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

**अमृत विचार:** मोहल्ला भारद्वाजी में पूर्ति गुप्ता हत्याकांड में पुलिस ने मोबाइल को कब्जे में ले लिया है। अब सवाल उठ रहा है कि हत्यारे घर में घुसकर हत्या कर आराम से चले भी गए और माता-पिता को भनक तक नहीं लग सकी। हत्या में किसी करीबी का हाथ होने की भी आशंका है। पुलिस पूर्ति के मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवा रही है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला भारद्वाजी निवासी पूर्ति गुप्ता का शव खून से लथपथ दो मंजिल कमरे के बरामदे मिला था। उसके कमरे में जाने का अलग से जीने से रास्ता था। पूर्ति के पिता संजय गुप्ता चार भाई है। चारों भाई इसी मकान में अलग-अलग रहते है। मकान में एक लोहे का बड़ा गेट है, जो रात में बंद नहीं होता था। जबकि चारों भाई अपने कमरों के दरवाजे अंदर से बंद कर लेते थे। पूर्ति अपने माता-पिता तथा बेटी के साथ एक कमरे में सो रहे थी। हैरान करने वाली बात यह है कि जब उसका गला चाकू से रेता गया तो किसी को आहट तक सुनाई नहीं दी।

यह बात पुलिस के गले से नहीं उतर रही है। मृतका की मां वंदना का कहना है कि उसकी अचानक नींद खुली तो देखा कि कमरे के बाहर बरामदे में उसकी बेटी खून से लथपथ कंपकंपा रही थी और बोल नहीं रही थी। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई थी। वह अंडर गारमेंट पहने हुए थी। घटना के समय जीने का दरवाजा खुला था और खून सीढ़ियों पर पड़ा था। संजय गुप्ता के भाइयों का कहना है कि उन्हें कोई आवाज सुनाई नहीं दी थी। जबकि वंदना के जेठ शंकर ने रात 12 बजे लोहे का मेन दरवाजा खोला और साइकिल खड़ी की।

पुलिस ने मृतका के घर के आस-पास सीसीटीवी कैमरों को खंगाला है। हालांकि पुलिस को कमरे में कुछ नहीं मिला है। जबकि मृतका का भाई दस दिन से यही पर रह रहा था। वह गुरुवार की रात आठ बजे हरिद्वार के लिए गया था। मृतका की मां का कहना है कि मोहल्ले में किसी से रंजिश नहीं है। मोहल्ले में चर्चा है कि उसके यहां बाहरी लोगों का आना-जाना भी रहता था। जबकि वंदना को यह पता नहीं है कि गुरुवार की रात उसने जीने का दरवाजा बंद किया था या नहीं। यदि उसने दरवाजा बंद किया है तो कैसे खुल गया।

## दो पक्षों में मारपीट छह लोगों पर रिपोर्ट

**खुटार, अमृत विचार :** गांव रजमना में दो पक्षों में हुई मारपीट में कई घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

क्षेत्र के गांव रजमना निवासी राम कृपाल ने बताया कि गुरुवार शाम को गांव का अवधेश शराब पीकर आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने दिनेश, रामप्रकाश के साथ मिलकर उसे पीट दिया। जिससे वह चाटिल हो गया। उधर, उसी गांव के रहने वाले अवधेश ने बताया कि गुरुवार को राम कृपाल, राजेश, विवेक आकर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर तीनों ने पिटाई कर दी। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। शुक्रवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत गला दबाकर हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **पिता बोला- शराब पीकर दहेज के लिए आए दिन बेटी से मार-पीट करता था दामाद**
- **हरदोई में ब्याही थी सेहरामऊ दक्षिणी की उमा, शरीर में चोट के निशान, पति फरार**

**अमृत विचार:** हरदोई की एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। पिता का आरोप है कि दामाद शराब पीकर दहेज के लिए आए दिन मारा-पीटा करता था। गुरुवार की रात पति ने पीटकर मार डाला। घटना के बाद से पति फरार है।



मृतका उमा देवी।

हरदोई जिले के थाना शाहाबाद के गांव परिहरा निवासी वीरेंद्र कुमार की शादी तीन साल पहले उमा देवी(23) निवासी भरगवां थाना सेहरामऊ दक्षिणी के साथ हुई थी। ससुराल वाले उमा को गुरुवार की रात 11 बजे यहां मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित करने के बाद शव को मोर्चरी में रखवा दिया। उसके शरीर में चोट के निशान थे। खबर मिलने पर मृतका के पिता लज्जाराम परिवार के साथ अस्पताल पहुंचे।

उसका पति अस्पताल से फरार हो गया। मृतका के पिता लज्जाराम ने बताया कि उसने बेटी उमा की तीन साले पहले वीरेंद्र के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद वीरेंद्र शराब पीकर उसकी बेटी के साथ मारपीट करता था।

दहेज में बाइक और दो लाख रुपये की मांग करता था। उसका आरोप है कि गुरुवार की रात नौ बजे उसकी पुत्री को दामाद ने मारा-पीटा और गला दबा दिया। शादी के बाद बेटी की कोई संतान नहीं हुई थी। उसका पति कालीन बुनाई का काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि घटना स्थल हरदोई जिले का है। यहां से कोई संबंध नहीं है।

## दो अभियुक्तों को सात-सात वर्ष का कारावास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार ने बताया कि वर्ष 13 में अभियुक्त सईद व महजूद निवासी एमनजई जलालनगर थाना सदर बाजार के खिलाफ धारा 398, 401, दफा 25 में रामचंद्र मिशन थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था।

विवेचना अधिकारी ने कोर्ट में दोनों अभियुक्तों के खिलाफ साक्ष्य प्रस्तुत किए थे। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट संख्या 9 से दोनों अभियुक्तों को सात-सात साल की कारावास की सजा सुनाई गई व दो-दो हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। टीम में अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष, मॉनिटरिंग सेल के निरीक्षक शिवदीन वर्मा, उप निरीक्षक ख्याली राम, रामचंद्र मिशन थाना के हेकां दुर्गेश पैराकार आदि थे।

# मुठभेड़ में लुटेरे के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **29 हजार रुपये बरामद, पिस्टल छीनने का किया था प्रयास, कई घटनाएं कबूल कीं**

> पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हुआ है, उसके एक पैर में गोली लगी है। उसने अपने साथी के साथ एक व्यक्ति से रुपये तथा एक महिला के गले से सोने की चेन लूटी हुई थी। घटना को स्वीकार किया है। उसके साथी की तलाश की जा रही है। – **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

**अमृत विचार:** हरदोई पुल के पास पुलिस और बदमाश की गुरुवार की रात हुई मुठभेड़ में बदमाश के एक पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल बदमाश को मेडिकल कॉलेज लाया गया। बदमाश ने उप निरीक्षक का पिस्टल छीनने का प्रयास किया था। उसके कब्जे से 29 हजार रुपये, तमंचा बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने कई लूट की घटनाओं को कबूल किया है।

रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि 12 जून को सत्यपाल निवासी चंपा पुरवा थाना माधोगंज जिला हरदोई ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि एक पिकअप फाइनेंस कराई थी। वह किस्त जमा करने के लिए यहां आया था। हरदोई बाईपास के लिए पैदल जा रहा था। स्कूटी पर सवार दो लोग आए और तमंचा दिखाकर 50 हजार रुपये लूटकर ले गए थे। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस बदमाशों की सुरागरसी में लगी थी। पुलिस को गुरुवार की रात पौने तीन बजे सूचना मिली कि एक बदमाश हरदोई पुल के नीचे खड़ा है और किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस टीम ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पर फायर कर दिया।



गोली से घायल बदमाश को देखने पहुंचे एसपी अशोक कुमार मीणा। ● अमृत विचार

उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह से पिस्टल छीनने के प्रयास के दौरान पुलिस टीम ने आत्मरक्षा के उद्देश्य से फायर किया। जिससे बदमाश के एक पैर में गोली लग गई। पकड़ा गया बदमाश असरफ निवासी फतेहपुर रेती थाना रामचंद्र मिशन है। उसने अपने साथी का नाम जुनैद निवासी नई बस्ती थाना रामचंद्र मिशन बताया है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से लूटे गए 29 हजार रुपये, तमंचा, कारतूस बरामद किए है। पूछताछ के दौरान बदमाश ने बताया कि स्कूटी या बाइक से तमंचा दिखाकर राहगीर से नगदी लूट लेते हैं। टीम में उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह आदि थे।

## सीमेंट लदे ट्रक का टायर फटा गोमती पुल की रेलिंग से टकराया

संवाददाता, खुटार

- **शुक्रवार सुबह खुटार पुवायां मार्ग पर हुआ हादसा, चालक चाटिल, वाहन क्षतिग्रस्त**

**अमृत विचार:** पुवायां मार्ग पर शुक्रवार सुबह सीमेंट लदा ट्रक का अगला टायर फटने से अनियंत्रित होकर गोमती पुल (गुटैया) की रेलिंग से टकरा गया। इससे रेलिंग टूट गई और ट्रक पुल से नीचे गिरने से बच गया। ट्रक का आधा हिस्सा पुल से लटक गया। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया और चालक की जान बच गई। साथ ही राहगीर ट्रक की चपेट में आने से बच गया। हादसे में चालक घायल हो गया। इसके अलावा ट्रक में लदी सीमेंट की कई बोरियां पुल से नीचे नदी में गिर गई।

फर्रुखाबाद के थाना सदर के गांव नगला खारबादी निवासी ट्रक चालक वीरेंद्र पुत्र ओमकार ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह करीब चार बजे शाहजहांपुर से ट्रक में सीमेंट भरकर खीरी के कस्बा मैलानी जा रहा था। खुटार पुवायां रोड पर शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे गोमती पुल पर ट्रक का अगला टायर फट गया। इससे वाहन अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकराने के दौरान तोड़ती चली गई। ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया और टकराने के बाद पुल से लटक गया। चालक वीरेंद्र ने बताया कि ट्रक का टायर कमजोर व 400 क्विंटल वजन के चलते टायर फट गया। इससे वाहन अनियंत्रित होने के बाद स्टेयरिंग पर नियंत्रण करने का काफी प्रयास किया। लेकिन ट्रक पुल की रेलिंग तोड़ता हुआ नीचे लटक गया। जिससे सीमेंट की कुछ बोरियां भी नदी में जा गिरी और उसे भी चोटें आ गई। उधर, हादसे के बाद पड़ोस रह रहे झोपड़ी के मौके पर पहुंचे और चालक को ट्रक की केबिन से बाहर निकाला। इससे उसकी जान बच गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि सीमा पर हादसा हुआ है। मामला पुवायां थाने का है।



टायर फटने से पुल की रेलिंग से लटका ट्रक।

# सीवर लाइन निर्माण: अब सुदामा चौराहे पर खोदाई हो गई शुरू... शहरवासी फिर झेलेंगे जाम का झाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **आवागमन में हो रही परेशानी बिना सूचना शुरू किए कार्य से लोग परेशान**

**अमृत विचार:** सीवर लाइन निर्माण के चलते हो रही परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब सुदामा चौराहे पर खोदाई शुरू हो गई है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। बीच सड़क पर गहरा गड्ढा खोदा गया है। सुदामा चौराहा व्यस्ततम चौराहों में से एक है।

ऐसे में यहां खोदाई होने के चलते हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। ज्यादा परेशानी शाम को यहां से गुजरने वालों को उठानी पड़ सकती है। लोगों के गड्ढे में गिरने की आशंका है।

शहर में कुल 156 किलोमीटर पेयजल लाइन डाली जानी है, जिसमें से 148 किलो मीटर पड़ चुकी है। ऐसे में मात्र आठ किलो मीटर पेयजल लाइन डालना शेष है। इसी तरह महानगर में कुल 26 हजार पेयजल कनेक्शन दिए जाने हैं। जिनमें से 21 हजार कनेक्शन हो चुके हैं जबकि छह हजार कनेक्शन होना अभी बाकी है। आचार संहिता के चलते मुख्य सड़कों पर जल निगम कार्य नहीं कर सका, जिस कारण निर्माण कार्य में देरी हुई है।




सुदामा चौराहे पर खोदा गया गड्ढा। ● अमृत विचार

दूसरी ओर जल निगम के भी अधिकारी-कर्मचारियों ने निर्वाचन में सहयोग किया। ऐसे में वह पेयजल लाइन के कार्य पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाए। निर्माण कार्य पहले जून माह में पूरा होना था, लेकिन निर्वाचन संबंधी कार्य के चलते निर्माण में विलंब हो गया।

अब भी गली-मोहल्लों में पेयजल लाइन डालने का काम शेष है। इसके अलावा छह हजार कनेक्शन दिया जाना शेष है। इसको लेकर खोदाई की जा रही है।

### लेटलतीफी का खामियाजा उठा रहे लोग

सीवर लाइन बिछाने का काम 2019 से चल रहा है। इसके लिए 377 करोड़ 51 लाख 48 हजार रुपये का बजट स्वीकृत हुआ था। काम दिसंबर 2022 तक पूरा किया जाना था, लेकिन तय समय से एक साल विलंब के बाद भी अब तक काम पूरा नहीं हो पाया है। सीवर लाइन डालने के कारण शहर छह से ज्यादा सड़क और 20 से ज्यादा गलियों में गड्ढों के कारण निकलना मुश्किल है। सुदामा चौराहे से गोला की तरफ जाने वाली रोड को काटकर पांच-छह मीटर गहरी खोदाई की गई है। लेटलतीफी का खामियाजा लोग उठा रहे हैं।

> तेज गति से सीवर लाइन का काम चल रहा है। अब तक लगभग 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। शेष काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। निर्माण पूरा करने का समय अब जुलाई माह तक हो गया है। – **कपिल एम सिंह**, अधिशासी अभियंता, जल निगम।

## स्कूटी सवार बदमाशों ने युवक से 95 हजार लूटे

संवाददाता, रौसर कोठी

- **गाड़ी की किस्त जमा न होने पर घर वापस लौट रहा था हरदोई का सत्यपाल**
- **सहारा फील्ड के पास शातिरों ने सिर पर तमंचा रख छीन लिया रुपयों भरा बैग**

**अमृत विचार:** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र की सहारा फील्ड में गाड़ी की किस्त जमा न हो पाने कारण घर वापस लौट रहे युवक से स्कूटी सवार दो अंजान व्यक्तियों ने तमंचा लगाकर 9,5000 रुपये लूट लिए। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



पीड़ित सत्यपाल।

जनपद हरदोई के थाना माधवगंज क्षेत्र के गांव चंपापुरवा निवासी सत्यपाल 12 जून को गाजियाबाद से बरेली अपनी गाड़ी की किस्त जमा करने गया था। ऑफिस देर से पहुंचने की वजह से किस्त जमा नहीं हो पाई। वह पूरा 95 हजार लेकर वापस घर जा रहा था। बरेली से बस से वापस घर आते समय वह अंधेरा होने के कारण आगे चला गया और रोजा में पुल के पास उतर गया। वहां से पैदल हरदोई बाईपास चौराहे के लिए वापस आ रहा था। तभी रास्ते में सहारा फील्ड के पास स्कूटी सवार दो लोग आए। उसके सिर पर तमंचा रख दिया और रुपयों भरा बैग लेकर भाग गए। सत्यपाल ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना रामचंद्र मिशन पुलिस भी मौके पर आ गई और पीड़ित से घटना के संबंध में पूछताछ की। इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि मामले में दो स्कूटी सवार लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## कार चोरी का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**जलालाबाद।** नगर के मोहल्ला गौसनगर निवासी सौरभ कुशवाहा एडवोकेट ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनके घर के बाहर कार खडी थी। एक युवक ने चोरी की नीयत से उनकी कार के दरवाजों को खोलने की कोशिश की। उस समय वह छत पर पौधों को पानी दे रहे थे। आवाज सुनकर उन्होंने बाहर झांका तो इमरान कार के दरवाजे के हैंडल को खींच रहा था। यह देख उन्होंने शोर मचाया। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। उन्होंने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चकमार्ग की पैमाइश करने गई राजस्व टीम पर हमला, अभिलेख फाड़ने का प्रयास

## मिर्जापुर के कम्मरपुर गांव में मारपीट कर लेखपाल को किया घायल

संवाददाता, मिर्जापुर

- शुक्रवार सुबह ग्रामीण की शिकायत पर पहुंचे थे लेखपाल
- पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज की नामजद रिपोर्ट
- लेखपाल संघ के अध्यक्ष हैं पीड़ित साथियों में आक्रोश

**अमृत विचार :** मिर्जापुर क्षेत्र में चकमार्ग की नाप करने गई टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर कागजात फाड़ने का प्रयास किया और मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया गया। मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।


पीड़ित लेखपाल उग्रसेन।

मिर्जापुर कस्बे से सटे कम्मरपुर गांव निवासी मूलचंद्र ने चकमार्ग संख्या 4990 की पैमाइश की मांग की थी। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे राजस्व लेखपाल उग्रसेन तथा राकेश कांत चकरोड की पैमाइश करने पहुंचे। राजस्व टीम स्थलीय निरीक्षण कर सीमांकन कर रही थी तभी अचानक से गांव के कुलदीप, अमरपाल, कुंवरपाल तथा श्याम सिंह पुत्र खुशीराम व इनके परिवार के लोगों ने राजस्व टीम पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टीम के सदस्यों को नाली में गिराकर बुरी तरह मारा-पीटा। राजस्व टीम के अभिलेखों को फाड़ने का प्रयास किया। टीम के साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। किसी तरह हमलावरों से बचकर राजस्व टीम थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर नामजद मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित लेखपाल उग्रसेन कलान तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष हैं। उन पर हमले से राजस्व लेखपालों में भारी आक्रोश है। लेखपालों ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

> पीड़ित की तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस को भेजा था, लेकिन आरोपी नहीं मिले।
> – विनोद कुमार तोमर, थाना प्रभारी

### चकमार्ग पर कब्जा चाहते हैं आरोपी

ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी दबंग किस्म के हैं। वह चकमार्ग पर कब्जा कर निर्माण करना चाहते हैं। आरोपियों ने निर्माण की कवायद शुरू भी कर दी है। इससे पहले वह निर्माण कर पाते ग्रामीणों ने अधिकारियों से शिकायत कर दी। इसी शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पैमाइश करने पहुंची। इससे पहले सीमांकन हो पाता आरोपियों ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि लेखपाल को हमले की आशंका नहीं थी वरना वह पुलिस फोर्स को साथ लेकर जाते। पुलिसकर्मी साथ न होने की वजह से यह घटना हो गई।

### नेताओं की शरण में आरोपी

पुलिस विभाग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि आरोपी सजातीय एक नेता के संपर्क में हैं। खुद को बचाने के लिए उन्होंने जनप्रतिनिधि से संपर्क किया है। आरोपी चाहते हैं कि भले ही उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हो, लेकिन उनकी गिरफ्तारी न हो।

# पुवायां में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**पुवायां, अमृत विचार :** सड़क किनारे बनी प्लाटिंग के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शुक्रवार को सुबह कहमारा रोड़ किनारे प्लाटिंग में गांव कहमारा निवासी बाबू(40) पुत्र प्रसादी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। शव देख लोगों ने उसके परिजनों को जानकारी दी। जानकारी पाकर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि बाबू शराब का आदी था। वह शराब की बिक्री करता था। गुरुवार की शाम को नशे में धुत था और घर से चला गया था। शुक्रवार को सुबह उसका शव सड़क के किनारे पड़ा मिला। कोतवाल प्रदीप कुमार राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# 33 लोगों ने किया रक्त का महादान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



एसडीएम ज्ञानेंद्र नाथ का स्वागत करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विश्व रक्त दाता दिवस के अवसर पर वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा शाहजहांपुर में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एसडीएम शाहजहांपुर ज्ञानेंद्र नाथ ने किया।

इस अवसर पर वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. केजी पॉल, चिकित्सा अधीक्षक प्रोफ़ेसर डॉ. शिव कुमार, पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एके बंसल, ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. अश्विनी, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी ललित चौहान उपस्थित रहे। उपस्थित वरुण अर्जुन नर्सिंग कॉलेज के उप प्रधानाचार्य दीपक पचौरी व नर्सिंग कॉलेज की दो छात्राएं और फार्मेसी कॉलेज की अध्यापिका पल्लवी पांडे, एमबीबीएस के छात्र- छात्राओं ने मिलकर रक्तदान किया और रोहिलखंड हॉस्पिटल के पीआरओ मोहित ने भी रक्तदान किया। शिविर में 104 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया और 33 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में लगा रक्तदान शिविर

इस अवसर पर वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल के ऑडिटोरियम में स्वैच्छिक रक्तदान के फायदे विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य वक्ता पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष बंसल रहे।

### युवा पीढ़ी को आगे आना चाहिए: प्राचार्य

**शाहजहांपुर।** जनपद न्यायाधीश भानुदेव शर्मा के आदेशानुसार विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रारंभ सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर को कोई हानि नहीं होती है, बल्कि इससे कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि रक्तदान महादान है। इसके लिए युवा पीढ़ी को आगे आना चाहिए और रक्तदान में बढ-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। शिविर में 44 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक, मोहम्मद अफजल, डाटा एंट्री आपरेटर सलमान हुसैन, अनिल कुमार वर्मा, पीएलवी, जिला अस्पताल स्टाफ आदि मौजूद रहा। अंत में आशीष त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया।

# अधिग्रहीत भूमि का धोखाधड़ी से कराया बैनामा जांच और कार्रवाई के आश्वासन पर धरना खत्म

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गुरुवार को धरने पर बैठ गए थे ठगी पीड़ित शिक्षक
- प्राथमिक शिक्षक संघ ने दिया था समर्थन

**अमृत विचार:** सरकार द्वारा अधिग्रहित भूमि का बैनामा कर पौने बारह लाख लेकर धोखाधड़ी करने पर धरने पर बैठे पीड़ित शिक्षकों के समर्थन में शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ भी उतर आया। शिक्षक संगठन के समर्थन के बाद स्थिति न बिगड़े, इसलिए आनन-फानन में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार और सीओ सदर अमित चौरसिया ने प्रकरण की जांच कराकर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद पीड़ित पक्ष ने धरना समाप्त कर दिया।

शिक्षक दाताराम और शिक्षक राजकमल आर्या ने बताया कि ककरा कांकर में उन्होंने सात जनवरी 2022 को बैनामा कराया गया था। बाद में उन्हें जानकारी हुई कि संबंधित जमीन वर्ष 2020 में ही नेशनल हाईवे 731 में सरकार द्वारा अधिग्रहित कर ली गई है। धोखाधड़ी और ठगी होने पर उन्होंने उच्च अधिकारियों को कई प्रार्थना पत्र दिए। बैनामे के रुपये वापस नहीं होने पर ही उन्होंने धरना देना शुरू किया था। फिलहाल सीओ सदर के आश्वासन पर उन्होंने धरना समाप्त कर दिया है और उम्मीद जताई है कि उनका बकाया रुपया शीघ्र ही वापस दिलाया जाएगा।

इधर, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र, मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, पुवायां अध्यक्ष अश्विनी अवस्थी, जलालाबाद अध्यक्ष राजकुमार सिंह आदि ने धरना स्थल पर पहुंच कर शिक्षकों के साथ धोखाधड़ी कर सरकारी भूमि का बैनामा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई एवं फंसा पैसा वापस करने की मांग की है। शिक्षक नेताओं ने बताया कि एसपी ने प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकारी सदर को दे दी है। कार्यवाही का आश्वासन मिलने पर धरना समाप्त कर दिया गया है।

# चोरी के ई-रिक्शा समेत एक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि अनिल कुमार निवासी आईटीआई कॉलोनी थाना रोजा ने निगोही थाने पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। डडिया बाजार से उसका ई-रिक्शा व मोबाइल फोन चोरी हो गया था।

पुलिस ने शुक्रवार की सुबह दस बजे कुदिन्ना जाने वाले मार्ग पर एक चोर को पकड़ लिया। पकड़ा गया चोर रोहित निवासी बढ़ेपुर थाना तिलहर है। पुलिस ने चोरी का ई-रिक्शा व मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। उप निरीक्षक मनोज कुमार, सिपाही तुषांत चौधरी, अवरार थे।

# धरने में दो बच्चों की तबीयत बिगड़ी, टीम ने की जांच

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सभासद बोलीं- नहीं हो रही सुनवाई, सोमवार को करेंगे अनशन
- निगोही विधायक व उनके कथित पीए के खिलाफ चार से दिन धरना जारी

**अमृत विचार:** तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा और उनके कथित पीए के खिलाफ सभासद का धरना चौथे दिन भी खिरनीबाग रामलीला मैदान में जारी रहा। इस दौरान दो बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टीम ने मौके पर पहुंच कर स्वास्थ्य जांच की। सभासद ने कहा कि अभी तक उनकी सुनवाई नहीं हुई है। ऐसे में वह सोमवार से अनशन शुरू कर देंगे। इसके लिए उन्होंने प्रशासन से अनुमित मांगी है।


महिला की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

निगोही के मोहल्ला आजादनगर से सभासद संध्या सिंह पत्नी राजेश सिंह ने परिवार के साथ मंगलवार को खिरनीबाग रामलीला मैदान में धरना शुरू कर दिया। दूसरे दिन बुधवार को तिलहर तहसील के नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी और निगोही थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने धरना स्थल पर पहुंचकर और पीड़ित परिवार से वार्ता कर उनसे धरना समाप्त करने के लिए कहा था, लेकिन बात नहीं बनी थी। गुरुवार शाम करीब चार बजे तहसीलदार जयप्रकाश यादव नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को समझाकर धरना समाप्त करने को कहा लेकिन पीड़ित परिवार ने न्याय नहीं मिलने तक धरना समाप्त करने से इंकार कर दिया। इसके बाद शुक्रवार को भी धरना जारी रहा।

इस दिन धरने पर बैठे दो बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंच कर जांच की। सभासद ने बताया कि अभी तक उनकी मांगें नहीं मानी जा रही हैं। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को पत्र देकर भूख हड़ताल की अनुमति मांगी है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी बात नहीं सुनी गई तो वह अनशन करने को बाध्य होंगी।




# 13900 किसानों ने ली खेती की नवीनतम जानकारी


किसान पाठशाला में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कृषि विभाग के अधिकारियों ने पाठशाला में बताई योजनाएं

**अमृत विचार:** किसान पाठशाला का आयोजन 13 व 14 जून को द्वितीय मॉड्यूल के अंतर्गत जनपद की 91 ग्राम पंचायतों में किया गया। जिनमें लगभग 13 हजार 900 किसानों ने प्रतिभाग किया।

किसान पाठशालाओं का उद्देश्य कृषकों को कृषि तथा सहयोगी विभाग की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी कृषकों को एक जगह पर उपलब्ध कराना है। ग्राम पंचायत के प्रगतिशील किसानों की ओर से भी विचार पाठशाला में प्रतिभाग करने वाले कृषकों के साथ साझा किए गए। डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह ने बताया कि दो दिवसीय पाठशालाओं के माध्यम से 13900 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया गया। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किसान पाठशाला में प्रतिभाग करने वाले किसानों को विभाग में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की और विशेष रूप से पराली प्रबंधन, कृषि यंत्रीकरण, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, मिलेट्स उत्पादन पर जोर, परंपरागत खेती, प्राकृतिक खेती व गो आधारित खेती आदि के बारे में कृषकों को बताया गया तथा कृषकों से योजना में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने का आह्वान किया गया। आगे बताते हुए डीडी कृषि ने कहा कि जनपद के किसानों से अनुरोध है कि 15-16, 19-20, 21-22, 24-25 और 26-27 जून को आयोजित की जाने वाली आगामी पाठशालों में अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

# हत्या कर झाड़ी में फेंक दिया था शव

**कलान/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एक व्यक्ति की हत्या करके शव को शेरपुर कुर्रिया गांव के सामने खेत में झाड़ी में फेंक दिया। उसके गले तथा शरीर में चोट के निशान थे। अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त हो गई है, जो हरदोई जिले का रहने वाला था।

कलान पुलिस को गुरुवार की शाम छह बजे मिर्जापुर-परौर रोड पर शेरपुर कुर्रिया गांव के सामने खेत में झाड़ी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। गांव वालों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी थी। उसके चेहरे तथा गले में चोट के निशान थे। मृतक की उम्र 40 साल थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने मृतक का फोटो फेसबुक पर डाल दिया था। फोटो से उसकी शिनाख्त हो गई। मृतक का नाम शेरखान है और हरदोई जिले के अरवल थाना के गांव कायथान का रहने वाला था। परिवार वालों ने बताया कि पृथ्वीपुर-ढाई के बीच एक मजार पर पांच साल पर बैठता था। वह मजार पर ही रहता था। परिवार वाले पोस्टमार्टम हाउस पर आए और शव को हरदोई ले गए है। सीओ जलालाबाद अजय कुमार राय ने बताया है कि अज्ञात शव की शिनाख्त हो गयी और तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# वकीलों को समझाए नए आपराधिक कानून



नवीन आपराधिक कानूनों के बारे में चर्चा करते काउंसिल के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कार्यशाला में सरकारी कर्मचारी पर दर्ज होने वाले केस की दी जानकारी
- जनपद न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम में हुई बिंदुवार चर्चा

**अमृत विचार:** जनपद न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम में शुक्रवार को एक बार फिर बनाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में चर्चा की गई और कार्यशाला के माध्यम से अधिवक्ताओं को नए कानूनों के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में लगी कार्यशाला में भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के संबंध में नामित पराविधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के चीफ दिनेश कुमार मिश्रा ने केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए तीनों आपराधिक कानूनों के नवीन प्रावधानों व उसमें दी गई सजाओं के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की।

काउंसिल के डिप्टी चीफ अजमल हसन रजा खां ने सरकारी कर्मचारी के खिलाफ दर्ज होने वाले मुकदमों और उनमें सरकार द्वारा दी जाने वाली परमीशन के बारे में जानकारी दी।

वहीं, काउंसिल असिस्टेंट विवेक शर्मा ने जानकारी देते हुए इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के माध्यम से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के संबंध में समझाया।

काउंसिल असिस्टेंट शालिनी ने बताया कि तीनों नवीन कानून पहली जुलाई से लागू हो रहे हैं। कार्यशाला में प्राधिकरण सचिव वरिष्ठ लिपिक मो. अफजल, अनिल कुमार वर्मा आदि का सहयोग रहा।

लापरवाही

अभी तक नगर निगम का भवन बना ना ही स्मार्ट रोड हो पाया पूरा

# स्मार्ट सिटी की राह में रोड़ा बने अधूरे निर्माण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- राज्य स्मार्ट सिटी योजना में हुआ है शाहजहांपुर का चयन

**अमृत विचार:** महानगर स्मार्ट सिटी बनने की ओर अग्रसर है, लेकिन अधूरे निर्माण रोड़ा बने हुए हैं। लंबा समय बीतने के बाद भी स्मार्ट सिटी के तमाम प्रोजेक्ट आज भी अधूरे हैं। जबकि इनमें से ज्यादातर की निर्माण तिथि निकल गई है।

नगर निगम की ओर से शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट शुरू किए गए थे। अब ज्यादातर प्रोजेक्ट के पूरा होने का समय निकल गया है, लेकिन कार्य अब भी अधूरे हैं। चाहे वह स्मार्ट रोड हो या सीवर लाइन आज भी जनता को समर्पित नहीं हो सके हैं। इसके अलावा नगर निगम कार्यालय भवन भी अधूरा है।

सुभाषनगर से रिंग रोड तक एक किमी लंबी और 30 मीटर चौड़ी स्मार्ट रोड का निर्माण पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कराया जा रहा है। इसके लिए 13.50 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ था। इसके बाद कहा गया है कि अब निर्माण कार्य गति पकड़ेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कुछ समय तक अंडरपास के चलते निर्माण रुका रहा और बाद में अंडरपास तोड़ दिया गया था। कई महीने पहले अंडरपास तोड़ दिया गया, लेकिन निर्माण कार्य अब भी पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण पूरा करने की अंतिम तारीख मार्च 2023 थी, जो कब की निकल चुकी है। अब लगभग एक साल का विलंब हो चुका है, इसके बाद भी निर्माण पूरा नहीं हो पा रहा है।

> नगर निगम की ओर से स्मार्ट सिटी मिशन के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में अधिकतर पूरे होने वाले हैं। कुछ पूरे हो चुके हैं। सीवर लाइन सहित अधिकांश प्रोजेक्ट का काम अंतिम चरण में चल रहा है।
> – संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त


मल्टीलेवल कार पार्किंग को लोकार्पण का है इंतजार

### 2022 में होना था पूरा...2024 को बीत गए छह महीने

न्यू सिटी ककरा में सवा दो सौ करोड़ की लागत से नगर निगम का नया भवन बनाया जा रहा है। जिसको साल 2018 में धनराशि आवंटित हो गई थी और निर्माण कार्य 2022 में पूरा होना था, लेकिन यह कार्य भी पूरा नहीं हो सका है। हनुमत धाम पर नगर निगम की ओर से 5.74 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीलेवल कार पार्किंग बनवाई गई है। इसका कार्य सितंबर 2022 तक पूरा होना था, लेकिन इसका लोकार्पण अब तक नहीं हो सका है। 2024 को ही छह महीने बीत गए है। ऐसे में लोगों के वाहन सड़क पर खड़े होते हैं। जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी होती है। इनके अलावा सीवरेज लाइन डलवाने के लिए अटल नवीनीकरण और शहरी रूपांतरण मिशन योजना के तहत 337.91 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। जिससे शहर की दोनों नदियों गर्रा व खन्नौत के बीच 186 किमी की सीवर लाइन बिछाई जा रही है। दो साल पहले कार्य पूरा होना था, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

